**DELHI PUBLIC SCHOOL,GANDHINAGAR**

**SESSION :2021-22**

**SUBJECT:HINDI**

**CLASS :IV**

* WORKSHEET
* SUBJECT ENRICHMENT ACTIVITY (SEA)
* ART INTEGRATED LEARNING (AIL)
* REVISION
* QUESTION BANK



# TERM-I

## WORKSHEET -1

* सदैव पुल्लिंग और सदैव स्त्रीलिंग रहने वाले दस-दस शब्द लिखिए :-

| पुल्लिंग | | स्त्रीलिंग | |
|---|---|---|---|
| ________ | ________ | ________ | ________ |
| ________ | ________ | ________ | ________ |
| ________ | ________ | ________ | ________ |
| ________ | ________ | ________ | ________ |
| ________ | ________ | ________ | ________ |

## WORKSHEET -2

* ये पर्व जिनसे संबंधित है, उनके नाम लिखिए :-

1.गुरुपर्व ____________

2.जन्माष्टमी ____________

3.ओणम ____________

4.क्रिसमस ____________

5. दीपावली ____________

6. बाल-दिवस ____________

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गु | रू | ना | न | क |
| कृ | ष्ण | ---- | का | चा |
| म | हा | ब | लि | चा |
| ---- | ---- | ---- | ---- | ने |
| ई | सा | म | सी | ह |
| रा | म | चं | द | रू |

## SEA -1

* नारी सम्मान में दिए जाने वाले पुरस्कारों की सूची बनाइए|

| PARAMETERS :- | |
|---|---|
| सूचीबद्ध करना | - 2 अंक |
| वर्णन | - 2 अंक |
| प्रस्तुतिकरण | - 1 अंक |

## SEA-2

* विश्व के सात अजूबों के चित्र का पोस्टर बनाकर उनके नाम लिखिए |

| PARAMETERS :- | |
|---|---|
| चित्र चिपकाना | 2 अंक |
| नाम | 3 अंक |

## * ART INTEGRATED LEARNING (AIL)

**AIL 1 :-** कक्षा में सूझ-बूझ पर आधारित किस्से सुनाना|

**AIL 2 :-** गद्यांश में से एकवचन शब्दों को रेखांकित कीजिए तथा बहुवचन शब्दों पर घेरा लगाइए|

## REVISION OF PT-1

**प्रश्न-1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क) बच्चे और उनके काम कैसे हैं?

(ख) कृष्णा ने दिल्ली में अपना जीवन कैसे शुरू किया?

**प्रश्न-2** **एक शब्द में उत्तर लिखिए :-**

(क) कृष्णा ने ट्रेनिंग में क्या बनाना सीखा?

(ख) किस रूप में बच्चों ने असुरों के दाँत खट्टे किए?

(ग) कृष्णा का जन्म कहाँ हुआ था?

**प्रश्न-3** **निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

(क) सतरंगा

(ख) मशहूर

(ग) असुर

**प्रश्न-4** **खाली स्थान भरिए :-**

(क) पंजाबी भाषा की लिपि ---------- है |

(ख) कविता लिखना भाषा का ----------- है|

(ग) ------------ हमारे देश की राष्ट्रभाषा है|

**प्रश्न-5** **निम्नलिखित शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलिए :-**

(क) मनुष्य

(ख) अपना

(ग) बच्चा

(घ) हरा

**प्रश्न-6** **लिंग बदलिए :-**

(क) देव

(ख) कवि

(ग) लेखक

(घ) बालक

**प्रश्न-7** **किसी एक विषय पर 50 से 60 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :-**

(क) मेरी प्रिय ऋतु

(ख) वृक्षों का महत्त्व

## QUESTION BANK

### खंड-क

**प्रश्न-1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

(क) आज़ादी के महायुद्ध में बच्चे कहाँ थे?

(ख) चीन के दीवार की दो विशेषताएँ लिखिए|

(ग) साधु क्यों सकपका गया था?

(घ) विपुल ने क्या निश्चय किया?

(ङ.) हीरा अपनी क्या उपयोगिता बताता है?

(च) कोयले ने सच्चे आभूषण किसे कहा?

(छ) चीन की दीवार ने अपने विषय में क्या बताया?

(ज) हीरा और कोयला सगे भाई हैं, कैसे?

(झ) जन-गन-मन का आशीष बच्चे कैसे लेते हैं?

(ञ) कृष्णा को अनपढ़ होना क्यों खलता था?

(ट) हरिदास को कैसे सबक मिला?

(ठ) हरिदास ने घोड़े और कुत्ते में किसको श्रेष्ठ बताया?

**प्रश्न-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए :-**

(क) बच्चों ने किसके लिए कष्ट सहे?

(ख) कृष्णा ने अपनी फैक्ट्री कहाँ खोली?

(ग) विपुल ने कैसे वस्त्र धारण किए थे?

(घ) सरकार ने विपुल को कितना इनाम दिया?

(ङ.) देव और दानव की पहचान कैसे होती है?

(च) चीन की दीवार की लम्बाई कितनी है?

(छ) सूरज की भाँति कौन चमकता है?

(ज) कौन स्वयं जलकर दूसरों के काम आता है?

(झ) साधु के षड्यंत्र का चश्मदीद गवाह कौन था?

(ञ) कृष्णा का जन्म कहाँ हुआ था?

**प्रश्न-3 पठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

खिल उठी सरसों की क्यारी
फूलों से सज उठी फुलवारी
आ गई अब अमिया की बारी
झुक गई आमों की डारी

(क) किसकी क्यारी खिल उठी है?

(ख) फुलवारी किससे सज गई है?

(ग) अभी किसकी बारी आ गई है?

**प्रश्न-4 निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

(क) अग्रज

(ख) फुलवारी

(ग) कृत्रिम

(घ) ऋतुराज

(ङ.) तारीफ़

(च) मशहूर

(छ) आशीष

(ज) मौलिक

(झ) आभा

(ञ) कर्म

(ट) विशाल

(ठ) अजूबा

(ड) राज्य

(ढ) रक्षा

(ण) उम्मीद

## <u>खंड-ख</u>

**प्रश्न-5 दिए गए वाक्यों में से व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्दों को छाँटकर लिखिए :-**

(क) मेरे मित्र का नाम आरोही है।

(ख) गांधीनगर हमारे राज्य की राजधानी है।

(ग) मेरा घर पश्चिम दिशा में है।

(घ) मेरा दोस्त अहमदाबाद में रहता है|

(ङ.) जनवरी में 31 दिन होते हैं|

**प्रश्न-6 निम्नलिखित वाक्यों में सही सर्वनाम शब्द लिखकर वाक्यों को पूरा कीजिए:-**

(क) तुम -------- कार्य पूरा करो|

(ख) हमें अपना काम -------- करना चाहिए|

(ग) दरवाज़े पर ------- आया है|

(घ) ------ अभी विद्यालय जा रहा हूँ|

(ड.) --------- घर कहाँ है?

**प्रश्न-7 निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्दों को चुनकर लिखिए :-**

(क) हमेशा मीठे फल खाने चाहिए|

(ख) विकास बहुत ईमानदार बच्चा है|

(ग) आगरा का सुंदर ताजमहल दुनियाभर में प्रसिद्ध है|

(घ) गाँव के पास घना जंगल है|

(ड.) मेरा घर बहुत बड़ा है।

**प्रश्न-8 नीचे दिए गए क्रिया शब्दों से वाक्य बनाइए :-**

(क) पढ़ना

(ख) बनाया

(ग) खेलना

(घ) लिखना

(ड.) देना

**प्रश्न-9 भाषा का लिपि से मिलान कीजिए :-**

| | **भाषा** | **लिपि** |
|---|---|---|
| (क) | हिंदी | फ़ारसी |
| (ख) | उर्दू | रोमन |
| (ग) | अंग्रेजी | गुरुमुखी |
| (घ) | पंजाबी | देवनागरी |

**प्रश्न-10 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए :-**

(क) बच्चा

(ख) दवाई

(ग) माला

(घ) सेना

(ड.) पैसा

**प्रश्न-11** **निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए :-**

(क) धोबी

(ख) चूहा

(ग) अध्यापक

(घ) श्रीमान

(ङ.) गायक

**<u>खंड - ग</u>**

**प्रश्न 12 (क) आपकी सहेली कक्षा में प्रथम आई है| अपनी खुशी को व्यक्त करते हुए उसे पत्र लिखिए :-**

**(ख) अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी करते हुए अपने दोस्त या सहेली को पत्र लिखिए :-**

**प्रश्न 13** **किसी एक विषय पर 50-60 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:-**

(क) अगर मुझे जादुई छड़ी मिल जाए

(ख) समय का महत्त्व

**प्रश्न 14** **चित्र का वर्णन 50-60 शब्दों के अनुच्छेद में कीजिए :-**



**<u>खंड - घ</u>**

**प्रश्न 15** **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

स्वस्थ रहना मनुष्य के लिए आवश्यक होता है| निर्धन व्यक्ति भी यदि स्वस्थ है तो वह सुखी जीवन बिता सकता है| उसके चेहरे पर ख़ुशी झलकती है| उसके मन में काम करने का जोश भरा रहता है| वह हर दिन

सुबह से शाम तक परिश्रम कर सकता है| यदि धनी व्यक्ति अस्वस्थ है तो वह  दिन- भर उदास ही रहेगा| उसका स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाएगा| वह हर क्षण अपनी बीमारी के बारे में ही सोचता रहेगा| उसका मन किसी भी काम में नहीं लगेगा | इसलिए कहा गया है कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है|

(क) मनुष्य के लिए क्या आवश्यक है?

(ख) निर्धन व्यक्ति यदि स्वस्थ है तो वह कैसा जीवन बिता सकता है?

(ग) स्वस्थ व्यक्ति की क्या विशेषता है?

(घ) अस्वस्थ व्यक्ति की क्या विशेषता है?

(ड.) सबसे बड़ा धन किसे कहा गया है?

(च) स्वस्थ शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए|

(छ) विलोम शब्द लिखिए :-

(1) रात (2) दुखी

(ज) कोई एक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए|

**प्रश्न 16 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

रिमझिम-रिमझिम बरसा पानी
देखो आ गई वर्षा रानी|
काले-काले बादल गरजे,
झम-झमझमा,जमकर बरसे|

चम-चम बिजली चमक रही है,
चारों ओर हरियाली है|
छम-छम बूँदें बरस रही हैं,
घनघोर घटा मतवाली है|

(क) वर्षा का पानी कैसे बरस रहा है?

(ख) काले-काले बादल क्या कर रहें है?

(ग) बिजली कैसे चमक रही है?

(घ) पद्यांश में किसे मतवाली कहा गया है?

(ड) पद्यांश में किस ऋतु के बारे में कहा गया है?

## TERM-II

### वर्कशीट 3

- अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए|

**निम्नलिखित वाक्यों में 'अनेक शब्दों' की जगह 'एक शब्द' लिखकर वाक्य फिर से लिखिए :-**

(क) रॉबर्ट **दूसरे देश का वासी** है|

(ख) धनीराम **के पास लाखों रुपए** हैं|

(ग) ललित **दूसरों की भलाई करता** है|

(घ) सुधांशु के **माता-पिता नहीं** हैं|

(ङ) भुवन अपना **मतलब निकालने वाला** लड़का है|

### वर्कशीट 4

कविता लेखन

दिए गए शब्दों की सहायता से कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए :-
(हिंदी पाठ्यपुस्तक नई उड़ान पृष्ठ संख्या 98 ) |

| | | |
|---|---|---|
| **वाली** | **पेड़** | **संसार** |
| **जन्मदिवस** | **माता** | **फल** |

हरा - भरा ............बसाओ,
............. पर पेड़ लगाओ|
हरियाली से है खुशहाली,
सुंदरता मन हरने...........|
पेड़ों और प्रकृति का नाता,
बच्चों की जैसे हो............|
फूल और............. तुम पाओ,
जन्मदिवस पर ..............लगाओ|

### गतिविधि 3

- **(SEA-3)** भारत की राजधानी के विषय पर पाँच वाक्य लिखिए|

**PARAMETERS :-**

लेखन कार्य- 4 अंक

प्रस्तुतिकरण- 1 अंक

गतिविधि 4

नाट्य अभिनय

पाठ 15 शिवाजी का न्याय (कक्षा 4 पाठ्यपुस्तक नई उडान )

**PARAMETERS** :-

संवाद - 2 अंक

हाव-भाव, उच्चारण - 2 अंक

नाट्य-सामग्री - 1 अंक

**AIL**

पाँच महान क्रांतिकारियों के चित्र चिपकाकर उनके नारे लिखिए|(AIL-3)

दस विलोम शब्दों का चार्ट बानाइए|(AIL-4)

**PRIODIC TEST - II REVISION**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क) लालकिले को किसने और कहाँ बनवाया था?

(ख) रबड़ से कौन-कौन सी चीज़ें बनाई जाती हैं?

(ग) संगीता की बात सुनकर रूपेंद्र क्यों आश्चर्यचकित हुआ?

**प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए :-**

(क) लालकिला किस नदी के किनारे है?

(ख) 'रबड़ की आत्मकथा' पाठ हमें किससे बचने का सुझाव देता है?

(ग) बच्चों को किस क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार मिला?

**प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों के वाक्य बनाइए :-**

(क) प्रसिद्ध

(ख) उपयोगी

(ग) साहसी

**प्रश्न 4 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :-**

(क) शरीर

(ख) वृक्ष

(ग) सिंह

(घ) आकाश

**प्रश्न 5 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :-**

(क) लाभ

(ख) सुपुत्र

(ग) सुगंध

(घ) घृणा

**प्रश्न 6 निम्नलिखित एक शब्द के लिए अनेक शब्द लिखिए :-**

(क) सात दिनों का समूह

(ख) जो याद रखने योग्य हो

(ग) जो दान करता हो

(घ) प्रतिदिन होने वाला

**प्रश्न 7 प्रधानाचार्याजी को दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए:-**

**प्रश्न 8 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास,
कई दिनों तक कानी कुतिया, सोई उनके पास |
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त,
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त ||

(क) कई दिनों तक कौन उदास रहा?

(ख) चूल्हा और चक्की के पास कौन सोया था?

(ग) कई दिनों तक छिपकलियों ने क्या किया?

(घ) गद्यांश में से 'दूर' शब्द का विलोम ढूँढ़कर लिखिए|

## QUESTION BANK

### खंड - क

**प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क) दिल्ली में प्रमुख पर्यटन स्थल कौन-कौन से हैं?

(ख) चाँदनी चौक की क्या विशेषता है?

(ग) रबड़ का निर्माण कैसे होता है?

(घ) रबड़ के वृक्ष कहाँ पाए जाते हैं?

(ङ) बच्चों को कौन-सी पताका फहरानी थी?

(च) संगीता की बात सुनकर रूपेंद्र क्यों आश्चर्यचकित हुआ?

(छ) कर्मवीर समय को कैसे बिताते हैं?

(ज) कर्मवीर क्या करते हैं?

(झ) सूर्य देवता ने मकड़ी को क्यों बचाया?

(ञ) मकड़ी ने ताओ के समक्ष सिर क्यों झुकाया?

(ट) शिवाजी ने युद्ध से मिले धन का क्या किया?

(ठ) शिवाजी ने सोमदेव को क्या दंड दिया?

(ड) लड़के को देखकर राजा को क्या संदेह हुआ?

(ढ) लड़का राजा के दर्शन क्यों करना चाहता था?

**प्रश्न 2 निम्नलिखित शब्दों के वाक्य बनाइए :-**

(क) प्रसिद्ध (ज) जगत

(ख) सखी (झ) दृश्य

(ग) उपयोगी (ञ) रहस्य

(घ) वस्तुएँ (ट) गर्व

(ङ) साहसी (ठ) आहुति

(च) पर्वतारोहण (ड) पंचभूत

(छ) बाधा (ढ) शास्त्र

**प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए :-**

(क) लालकिले के सामने क्या है?

(ख) सिक्खों के पवित्र स्थान का नाम क्या है?

(ग) प्लास्टिक किसका बनावटी रूप है?

(घ) बिजली मैकेनिक किससे बने दस्तानों का प्रयोग करता है?

(ङ) संगीता की आयु कितनी थी?

(च) संगीता और रूपेंद्र कहाँ रहते थे?

(छ) कौन व्यक्ति अपनी मदद स्वयं करता है?

(ज) व्यक्ति को किसके भरोसे नहीं रहना चाहिए?

(झ) चीन में बादल और मकड़ी को किस नाम से पुकारते हैं?

(ञ) ताओ नामक किसान कहाँ का रहने वाला था?

(ट) शिवाजी ने किस किले पर अधिकार किया?

(ठ) शिवाजी का सेनापति कौन था?

(ड) राजा की समस्या का समाधान किसने किया?

**प्रश्न 4** **पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

एक नगर में एक राजा था| वह अच्छा आदमी तो ज़रूर था, लेकिन उसकी अक्ल मोटी थी| एक दिन एक ब्राहमण राजा के महल में पुराण का वाचन कर रहा था| यमलोक के बारे में पढ़ते हुए उसने सुनाया कि वहाँ पर तरह-तरह के पाप करने वाले कैसी-कैसी सज़ा पाते हैं|

(क) एक नगर में कौन रहता था?

(ख) राजा की अक्ल कैसी थी?

(ग) ब्राहमण राजा के महल में क्या कर रहा था?

(घ) ब्राहमण ने यमलोक के बारे में क्या सुनाया?

(ङ) गद्यांश में से '**पुण्य**' का विलोम शब्द ढूँढकर लिखिए|

**प्रश्न 5** **पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

आज करना है जिसे करते उसे हैं आज ही
सोचते कहते हैं जो कुछ कर दिखाते हैं वही
मानते जो भी हैं सुनते हैं सदा सबकी कहीं
जो मदद करते हैं अपनी इस जगत में आप ही
भूलकर वे दूसरों का मुँह कभी तकते नहीं

कौन ऐसा काम है वे कर जिसे सकते नहीं|

(क) आज का काम कब करना चाहिए?

(ख) जो स्वयं अपनी मदद करते हैं वे किसका मुँह नहीं तकते हैं?

(ग) पद्यांश में से '**कल**' का विलोम शब्द ढूँढकर लिखिए|

(घ) पद्यांश में से '**दुनिया**' का समानार्थी शब्द ढूँढकर लिखिए|

**प्रश्न 6 नीचे दिए गए कोष्ठक में से सही उत्तर चुनकर वाक्य पूरे कीजिए :-**

**(मामाजी, पुरस्कार, ठंडक, जीजाबाई, समानता, पेड़ के रस, लाल पत्थरों, शाहजहाँ, साँप)**

(क) ताजमहल ............... ने बनवाया था|

(ख) जामा मस्जिद ............ से बनाई गई है|

(ग) रबड़ .......... से बनाया जाता है|

(घ) श्रेष्ठ को रबड़ अपने .............से मिला था|

(ङ) हवा में खून जमा देने वाली ...........थी|

(च) करनी और कथनी में ................ होनी चाहिए|

(ज) ............ने अपना रूप बदल लिया और रुई खाने लगा|

(झ) शिवाजी की माँ ............... थी|

(ट) राजा ने लड़के को ............दिया|

**<u>खंड - ख</u>**

**प्रश्न 7 निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन करके लिखिए :-**

(क) बादशाह

(ख) छात्र

(ग) बूढ़ा

(घ) माली

(ङ) कवि

(च) मोर

(छ) पुत्र

**प्रश्न 8 निम्नलिखित वाक्यों को बहुवचन में बदलकर लिखिए:-**

(क) यह माला है|

(ख) लड़की नाच रही है|

(ग) मेज पर मेरी पुस्तक रखी है|

(घ) कुत्ता दौड़ रहा है|

(ङ) बच्चा खेल रहा है|

(च) पेड़ पर चिड़िया बैठी है|

(छ) नदी बह रही है|

**प्रश्न 9 निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया छाँटकर लिखिए :-**

(क) सुबोध ने पत्र लिखा|

(ख) लड़के खेलते ही जा रहे हैं|

(ग) हम सभी छात्र पढ़ रहे हैं|

(घ) आप अपने बारे में बताइए|

(ङ) हिरन दौड़ता हुआ चला गया|

(च) बच्चा बिस्तर पर सो रहा है|

(छ) घोड़ा घास खा रहा है|

**प्रश्न 10 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :-**

(क) हाथ

(ख) अतिथि

(ग) तट

(घ) मित्र

(ङ) आकाश

(च) आग

(छ) अध्यापक

(ज) पर्वत

**प्रश्न 11 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :-**

(क) कोमल

(ख) सत्य

(ग) मुश्किल

(घ) एकता

(ङ) घृणा

(च) सुख

(छ) गुण

(ज) सुगंध

**प्रश्न 12 निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विरामचिह्न लगाइए :-**

(क) जीवन में सुख दुःख तो लगे ही रहते हैं

(ख) माँ ने कहा खाना खाते समय ज्यादा मत बोलो

(ग) क्या तुम हमेशा इतना धीरे धीरे चलते हो

(घ) राधा ने पूछा तुम कहाँ जा रही हो

(ङ) वाह तुम्हारी पोशाक बड़ी सुंदर लग रही है

(च) अध्यापिका ने बताया पृथ्वी गोल है

**प्रश्न 13 निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

(क) कान खोलकर सुनना

(ख) हाथ मलना

(ग) चिकना घड़ा होना

(घ) हाथ-पैर मारना

(ङ) दंग रह जाना

(च) पेट की आग बुझाना

(छ) मुँह में पानी आना

(ज) दाँत खट्टे करना

**प्रश्न 14 निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :-**

(क) जो दान करता हो

(ख) याद रखने योग्य

(ग) सात दिनों का समूह

(घ) मन्दिर में पूजा करने वाला

(ङ) जो काम से जी चुराए

(च) प्रतिदिन होने वाला

(छ) जो कभी न मरे

(ज) जो पढ़ा-लिखा ना हो

**प्रश्न 15 निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए :-**

(क) प्रंतु

(ख) श्रीमति

(ग) बिमारी

(घ) आशिर्वाद

(ङ) कृप्या

(च) परिच्छा

(छ) क्योंकी

**<u>खंड - ग</u>**

**प्रश्न 16 (क) प्रधानाचार्याजी को दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए|**

**(ख) प्रधानाचार्याजी को पुस्तकालय में हिंदी पत्रिका मँगवाने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए|**

**प्रश्न 17 किसी एक विषय पर 50-60 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:-**

(क) सफ़ाई का महत्त्व

(ख) मेरा प्रिय त्योहार

**प्रश्न 18 चित्र का वर्णन 50-60 शब्दों के अनुच्छेद में कीजिए :-**

(कक्षा 4- व्याकरण निपुण पृष्ठ संख्या :- 46)



**<u>खंड - घ</u>**

**प्रश्न 19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

प्राकृतिक दृष्टि से हमारा देश भारत बहुत सुंदर है| हरी-भरी घाटियों, बाग़-बगीचों और बर्फ़ से ढके पहाडों का प्रदेश कश्मीर जिसे पृथ्वी का स्वर्ग कहते हैं, भारत में ही है| गंगा-यमुना और कृष्णा-कावेरी नदियाँ अपने पवित्र जल से इसकी धरती को सींचती हैं| इसके उत्तर में बर्फ़ से ढकी हिमालय की चोटियाँ है, दक्षिणी भाग में विशाल हिन्द

महासागर अपने जल से इसके चरणों को धोता है| भारत के उत्तर में चीन, नेपाल और भूटान हैं, दक्षिण में श्री लंका और मालदीव है, पूर्व में बांग्लादेश और म्यांमार हैं तथा पश्चिम में पाकिस्तान है|

(क) प्राकृतिक दृष्टि से हमारा देश कैसा है?

(ख) कश्मीर को पृथ्वी का स्वर्ग क्यों कहते हैं?

(ग) कौन-कौन सी नदियाँ अपने पवित्र जल से इसकी धरती को सींचती हैं?

(घ) हिमालय की चोटियाँ किससे ढकी हुई हैं?

(ङ) हिन्द महासागर भारत के किस ओर है?

(च) हिन्द महासागर अपने जल से किसके चरणों को धोता है?

(छ) भारत के पड़ोसी देश कौन-कौन से हैं?

(ज) गद्यांश में से दो विशेषण शब्द ढूँढ़कर लिखिए|

(झ) गद्यांश में से भारत की तीन नदियों के नाम बताइए|

(ञ) गद्यांश में से कोई एक शब्द-युग्म ढूँढ़कर लिखिए|

**प्रश्न 20 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

काले अक्षर की माला में गूँथा हुआ जवाब हूँ
मैं तो इस प्यारी दुनिया की नई किताब हूँ|
मेरे भीतर कई कहानी, कितने सारे रंग
उड़ता बाज, चहकती चिड़िया, सब हैं मेरे संग|
उड़नखटोला अभी उड़ा है, लेकर अपने हाथ
आसमान की सैर करेंगे दे दो अपना हाथ
प्यासा कौआ ढूँढ़ रहा है पानी की एक मटकी
शेर आ गया पास बहुत, अब साँस हमारी अटकी|

(क) माला में क्या गूँथा हुआ है?

(ख) किताब में क्या-क्या है?

(ग) उड़नखटोला कहाँ गया?

(घ) कौआ क्या ढूँढ़ रहा है और क्यों?

(ड) शेर के पास आने पर क्या हुआ?